क्या आप अपनी निजी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं?

मतदाता सूची में अपने विवरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने में हर कोई खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करता, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे मतदान करने का अधिकार खो देते हैं।

अगर आपको अपनी निजी सुरक्षा या अपने परिवार की चिंता है, तो आप गोपनीय अप्रकाशित सूची पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आपका नामांकन विवरण सुरक्षित रखा जाएगा और उसे किसी को भी नहीं दिया जाएगा।

क्या अपनी निजी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं?

ELECTORAL COMMISSION
TE KAITIAKI TAKE KŌWHIRI

vote.nz
0800 36 76 56

ROE47B 07/24 Hindi

मेरे निजी विवरण बदलने पर क्या होगा?

जब आपका नाम अप्रकाशित सूची में आ जाता है, तो आपके नामांकन विवरण में कोई भी बदलाव होने पर आपको हमें सूचित करना होगा, जैसे आपका नाम या पता। आप एक नया नामांकन फ़ॉर्म भरकर और उसे वापस हमें देकर ऐसा कर सकते हैं। अगर आपकी निजी परिस्थितियां बदलती हैं, तो आप वापस सार्वजनिक रूप से उपलब्ध मतदाता सूची में दर्ज होने के लिए भी कह सकते हैं।

अगर आप कोई भी बदलाव करना चाहते हैं, तो चुनाव आयोग से संपर्क करें या **unpublished.roll@elections.govt.nz** पर हमें ईमेल करें।

अप्रकाशित मतदाता सूची में दर्ज होने पर मेरे मतदान करने की प्रक्रिया क्या होती है?

आप आम चुनाव या उप-चुनाव में किसी भी मतदान केंद्र पर मतदान कर सकते हैं। आपके एक विशेष मतदान करना होगा, क्योंकि मतदाता केंद्र में वोटिंग पेपर जारी करने के लिए उपयोग होने वाली प्रकाशित मतदाता सूची में आपके विवरण शामिल नहीं होंगे।

आपको निर्वाचक के समक्ष यह पुष्टि करने के लिए अपने मतपत्र के साथ एक अतिरिक्त फ़ॉर्म भरना होगा कि आप मतदान करने के लिए नामांकित हैं। अगर आप न चाहते हों, तो आपको उस फ़ॉर्म पर पते या पिछले नाम से संबंधित जानकारी की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि, यह जानकारी प्रदान करने से मतदान करने की आपकी योग्यता की पुष्टि करने में हमें मदद मिलती है। जब आप मतदान केंद्र पर पहुंचते हैं, वहां मौजूद कोई व्यक्ति बताएगा कि आपको क्या करना है।

स्थानीय चुनावों में मतदान करने के लिए, आपको अपने स्थानीय काउंसिल पर मौजूद निर्वाचन अधिकारी से आपको मतपत्र भेजने के लिए कहना पड़ेगा।

ELECTORAL COMMISSION
TE KAITIAKI TAKE KŌWHIRI

अप्रकाशित मतदाता सूची में कैसे दर्ज हों

आवेदन करने के लिए, अप्रकाशित मतदाता सूची पर जाएं, इस ब्रोशर में संलग्न फ़ॉर्म भरें और हमें वापस भेजें:

अगर आपने पहले से नामांकन नहीं करवाया हुआ है या आपको अपना विवरण अपडेट करने की आवश्यकता है, तो आपको भी नामांकन फ़ॉर्म भरने की आवश्यकता होगी। नामांकन फ़ॉर्म प्राप्त करने के लिए, इन दो में से कोई एक विकल्प चुनें:

- **0800 36 76 56** पर कॉल करें और हम आपको एक नामांकन पत्र पोस्ट कर देंगे
- **vote.nz** से नामांकन फ़ॉर्म डाउनलोड करें, उसे भरें और हमें वापस भेजें।

मुझे कौन सी सहायक जानकारी शामिल करनी होगी?

आपको वह जानकारी देनी होती है जो यह दर्शाए कि आपको अप्रकाशित मतदाता सूची में पंजीकृत करने की आवश्यकता क्यों है। शामिल की जाने वाली जानकारी के प्रकार के कुछ उदाहरण यहां दिए गए हैं (आवेदन करने के लिए आपको इस तरह के सभी दस्तावेज़ों की आवश्यकता नहीं होती है)।

- एक पत्र जो बता सके कि आख़िर क्यों आपका काम या निजी परिस्थितियां आपको जोखिम में डाल रही हैं। यह पत्र आपके नियोक्ता, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता या समुदाय से आपके लिए खड़ा होने वाले किसी व्यक्ति की ओर से हो सकता है।
- सुरक्षा आदेश की एक प्रतिलिपि, जो पारिवारिक हिंसा अधिनियम 2018 के अधीन लागू होती हो।
- निरोधक आदेश की एक प्रतिलिपि, जो उत्पीड़न अधिनियम 1997 के अधीन लागू होती हो।
- पुलिस अधिकारी या सुधार करने वाले अधिकारी की जानकारी जिससे स्पष्ट हो कि क्यों आपका नाम और पता प्रकाशित करने से आपकी या आपके परिवार की सुरक्षा को क्षति पहुंच सकती है।

Complete this form to apply to go on the unpublished roll.

Full name:

Date of birth:

Contact phone number:

Email:

Address where you are enrolled to vote or have applied to enrol:

List the information provided to support your application:

✓ **Please tick one of the following:**

- ☐ **I am already enrolled to vote**
- ☐ **I am not enrolled and I have enclosed a completed enrolment form**

Signature

Date

Complete and return to Electoral Commission,
PO BOX 190, Wellington 6140

Remember to return any information that supports your application to register on the unpublished roll.

For more information visit **vote.nz**